माई झुंझुनूं डॉट कॉम ने किया राज्यपाल एसके सिंह का अभिनन्दन

झुंझुनूं, 31 दिसंबर। महामहिम राज्यपाल एसके सिंह के झुंझुनूं आगमन पर बुधवार को बगड़ कस्बे स्थित पीरामल हवेली परिसर में माई झुंझुनूं डॉट कॉम पदाधिकारियों ने प्रतिक चिन्ह एवं शॉल ओढाकर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने झुंझुनूं डॉट कॉम वैबसाईट एवं समाचार पत्र के बारे में जानकारी ली तथा अपने सुझाव भी दिऐ। जानकारी में राज्यपाल को बताया गया कि मॉई झुंझुनूं डॉट कॉम वैबसाईट जिले के उन लोगो को यहां की खबरे पढ़ाता है जो देश एव विदेशों में रह रहें हैं। रोजाना अपनी जन्म भुमी की खबरे उनको पढ़ने के लिए मिल जाये यही इस वैबसाईट का प्रथम लक्ष्य हैं। वैबसाईट के प्रबध निदेशक डीएन तुलस्यान एवं सरक्षक एडवोकेट श्रवण केजडीवाल व मुख्य सलाहकार पीएल हलवाई ने राज्यपाल सिंह को जानकारी दी।

अभिनन्दन समारोह में जिला पुलिस अधीक्षक हरिप्रसाद शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ललीत माहेश्वरी, डिप्टी अर्जुन सिंह, एडीएम राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, जिला परिषद अधिकारी देवानन्द माथुर, झुंझुनूं क्रय विक्रय सहकारी समिति महाप्रबंधक सुश्री विभा खेतान सहित गणमान्यजन उपस्थित थे।

ओम प्रकाश गाडिया की 50 वीं एवं सुरेन्द्र गाडिया की 25 वीं विवाह वर्षगांठ मनाई

श्रीमती ललीता देवी ओमप्रकाश गाडिया

श्रीमती अरूणा सुरेन्द्र गाडिया

माई झुंझनूं न्यूज। झुंझुनूं निवासी ओमप्रकाश गाडिया सुपुत्र स्व. श्री द्वारकादासजी गाडिया मुम्बई प्रवासी की पचासवीं विवाह वर्षगांठ मुम्बई में सपरिवार बन्धु बांधवों एवं गणमान्यजन की उपस्थिति में मनाई गयी तथा इसी अवसर पर दुगुना उत्साह रहा। इस बात की कि सुरेन्द्र गाडिया सुपुत्र ओमप्रकाश गाडिया की भी 25 वीं विवाह वर्षगांठ थी जिसे भी साथ साथ सेलीब्रेट किया गया। एक साथ पिता एवु पुत्र की क्रमश: 50 वीं 25वीं विवाह वर्षगांठ उत्साह के साथ मनाने का सुअवसर बहुत कम देखने को मिलता है। श्रीमती ललीता देवी ओमप्रकाश गाडिया एवं श्रीमती अरूणा सुरेन्द्र गाडिया को हमारी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं है कि आपका दाम्पत्य जीवन हमेशा सुख एवं समृद्धिशाली हो।

द ग्रान्ड हवेली होटल नवलगढ में नववर्ष मनाया

माई झु.न्यूज। नवलगढ़ में बावड़ी गेट स्थित द ग्रान्ड हवेली होटल एण्ड रिसोर्ट में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर आतिश बाजी के साथ नव वर्ष के स्वागत में शानदार समारोह मनाया गया। नव वर्ष का जोरदार स्वागत किया गया। होटल में स्पेन, डच एवं देहली से आये पर्यटकों ने शेखावाटी स्तरीय व्यंजनों का लुफ्त उठाया। जोधपुर से आई संगीत पार्टी ने होटल में राजस्थानी गीत संगीत का ऐसा शमां बांधा कि होटल में रूके यात्री मंत्र मुग्ध होकर झुमने लगे। जैसे ही घड़ी में ठीक 12 बजे नववर्ष का स्वागत जोरदार आतिशबाजी के साथ किया गया। इस अवसर पर होटल के डॉ.कर्णवीर सिंह,राजेश कुमार व किशन सिंह राणावत सहित अन्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

संतोष कुमार झुंझुनूंवाला द्वारा ईएनटी शिविर सम्पन्न

माई झु.न्यूज। संतोष कुमार झुंझुनूंवाला चैरि. ट्रस्ट के सौजन्य से अग्रवाल नव युवक समिति वे सेवा भारती के तत्वाधान में अग्रसेन विश्राम गृह बस स्टेण्ड उदयपुरवाटी में विशाल नाक कान गला चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जयपुर के मान सरोवर ई एन टी होस्पीटल के डॉ. लवलीशजी जैन ने अपने सहयोगियों के साथ 325 मरीजों की जांच की तथा सभी उपलब्ध 5 दिन की दवाईयां दी तथा रोगियों को बड़े ऑपरेशन के लिए परामर्श दिया।

शिविर में सुनने की मशीन भी दी गयी। शिविर में उदयपुरवाटी के रामजीवन जी शाह,ताराचन्द मित्तल, रामजीवन एडवोकेट,मुरारीलाल नांगलिया आदि ने अपनी सेवाएं दी। इस शिविर में मुम्बई से संतोष कुमार झुंझुनूंवाला अपनी धर्म पत्नी सहित आये और सेवाएं दी। झुंझुनूं से सेवा भारती के कई सदस्य जिनमें सुभाष साहरण,कैलाशजी टैलर,राधाकिशन माथुर,अशोक आदि गये। संयोजन गिलुराम मोदी ने किया।

शुद्ध जल की प्याऊ का लोकार्पण

माई झु.न्यूज। लेले वाडी,पाइपलाईन,जेबी नगर में शुद्ध जल की प्याऊ का लोकार्पण किया गया जिसका निर्माण राजेन्द्र मोरारका एवं औंकार चौधरी द्वारा करवाया गया। मार्गदर्शन में राजेन्द्र नांगलिया ने विशेष सहयोग से प्रदान किया। प्याऊ का उद्घाटन सन्त कुमार जी झुंझुनूंवाला की पुण्य स्मृति में स्थानीय नगर सेवक सुभाष सांवत आभा (सीताराम)दलवी ने किया।

सूरत चैयर महिला समिति ने इकट्ठी की वनवासियों हेतु सामग्री

माई झुं. न्यूज। वन बंधु परिषद जो कि वनवासियों के शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वालम्बन के लिए कृत **करें।**संकल्पित संस्था है कि सूरत चैप्टर महिला समिति ने मकर संक्रांति पर सूरत में 41 सेन्टर के माध्यम से वनवासियों के सहयोग की काफी सामग्री 7-8 लाख का वस्तु संग्रह किया है। मकर संक्रांति पर्व पर 14 वस्तुओं का दान देने की हिन्दुओं में धार्मिक श्रृद्धा व परम्परा है। इसी परम्परा को आगे बढाया है। सूरत चैप्टर की महिलाओं ने इन 14 वस्तुओं का दान वनवासियों के लिए इकट्ठा करके एक मिशाल कायम की है।

विदित है कि वनबन्धु परिषद गत 19 वर्षों से देश के 8 करोड़ से अधिक वनवासी बन्धुओं की कुटिया तक शिक्षा का प्रकाश पहुंचाने के साथ, स्वास्थ्य सेवा और स्वालम्बन के हजारों प्रकल्पों का विस्तार कर रही है एवं इस शुभ कार्य में निरन्तर प्रगति की है और बढ रहा है। सूरत में वन बन्धु परिषद महेन्द्र चौधरी संस्थापक अध्यक्ष , सुरेश अग्रवाल अध्यक्ष,विनोद अग्रवाल मंत्री,विद्याद्यर बंसल कोषाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय मकर संक्रांति प्रमुख मंजू मित्तल के नेतृत्व में सराहनीय कार्य कर रहा है।

आदर्श बाल निकेतन में ध्वजारोहण किया पी.एल. जालान ने

माई झुं.न्यूज। झुंझुनूं प्रगति संघ मुम्बई द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। ध्वजारोहण मुख्य अतिथि झुंझुनूं निवासी देहली प्रवासी पुरुषोत्तम लाल जालान ने किया। समारोह की अध्यक्षा सेठ मोतीलाल कॉलेज के प्राचार्य विजयकुमार शर्मा ने की जबकि विशिष्ट अतिथि सतीषचन्द्र जोशी जयपुर प्रवासी थे।

समारोह का आगाज अतिथियों ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया। समारोह में अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण के साथ किया। स्कूल की छात्र-छात्राओं ने सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। स्व. नरोत्तमलाल जोशी की स्मृति में उनके परिवार द्वारा स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता दीपिका टीबड़ा व पीयुष जालान को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि से सम्मानित समारोह के पश्चात सभी स्कूली छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के सौजन्य से मिठाई वितरित की गई।

स्कूल सचिव गीलुराम मोदी ने सभी आगन्तुकों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार शर्मा, पी.एल. मिश्रा, श्रीमती रंजना सोनी, ताराचन्द गुप्ता, नरोत्तम लाल जालान, केशरदेव तुलस्यान, परमेश्वरलाल हलवाई, श्रवणकुमार केजड़ीवाल, प्रो. अतुल गर्ग, हरीश तुलस्यान, परमेश्वर जालान, नन्दकिशोर जालान, रामनिवास जालान, शिवकुमार जालान, नारायण जालान, श्यामसुन्दर पोद्दार, सुरेन्द्रजीत सिंह हाडा सहित अन्यजन उपस्थित थे। मुख्य अतिथि पी.एल. जालान दिल्ली से अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अरूणा जालान एवं पुत्र अभिषेक जालान के साथ स्कूल में पधारे थे।

Omprakash Khetan

With best compliment from:-

VISHAL MALLEABALES LIMITED

AN ISO 9001 : 2000 CERTIFIED COMPANY

बसंत पंचमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

We are a modern foundry in India with a present capacity of 15000 M.T.unfinished castings and components. The uni weight of castings manufatured upto 50 Kgs per piece. The material specification cover MCI, SGCI/ Ductile Iron, Grey Iron and Aluminium Alloy to all relevant grades of IS and International Standards. The castings and finished components so manufactured are catered to the following segment of industries.

(1) Power Transmission Equipments manufacturers using H.T. Insulators, Lightning Arresters, Transformers, Distribution Sub-station etc.
(2) Manufacturers of Heavy/ Light commercial vehicles,Cars,Tractors and Earth Moving Equipments.
(3) Overhead Electric Traction Line fittings for the electrifiction of Indian Railways.
(4) Aluminium Alloy finished components for H.T. Insulators
(5) We also manufacture Electrical Porcelain Insulators like HT/LT Transformer Bushings, Hollow Bushings, Cap & Post Insulators, which are catered to Electricity Boards and Transformer manufactrurers like ABB, Cromption Greaves, Areva, Siemens & other renowned Power Equipment Manufacturers.

: Regd. Office & Works :
85/2, G.I.D.C. Indl. Area, Ankleshwar - 393002 Dist. Bharuch Gujarat
Tel. 02646-224405, 222166, 222267Fax No. 02646-251924
Email :info@vishalmalleables.com, Website: ww.vishalmalleables.com

: Corporate Office :
3/4 Kapadia Chambers, 51, Devji Ratansey Marg, Mumbai-400 009
Tel. 022-2348388, 23480969 Fax No. 022-23487229
Email : infovmlmumbai@mtnl.net.in